आकाशवाणी मध्यप्रदेश
प्रादेशिक समाचार
दिनांक : 19.12.2025 समय : 07.10PM

मुख्य समाचार,

- प्रधानमंत्री ने कहा योग ने पूरी दुनिया को दिखाया संतुलन और सद्‌भाव का रास्ता।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आई.ए.एस. की सर्विस को बताया जनता की सेवा का मौका।
- कल से दौड़ेगी भोपाल में मेट्रो, केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर दिखायेंगे हरी झंडी।
- प्रदेश में कड़ाके की ठंड जारी, न्यूनतम तापमान पहुँचा चार डिग्री सेल्सियस।

प्रधानमंत्री पारंपरिक चिकित्सा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली के भारत मंडपम में पारंपरिक चिकित्सा पर दूसरे WHO ग्लोबल समिट के समापन समारोह में हिस्सा लिया। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों में योग भी शामिल है। योग ने पूरी दुनिया को स्वास्थ्य, संतुलन और सद्‌भाव का रास्ता दिखाया है। भारत के प्रयासों और 175 से ज्यादा देशों के समर्थन से, संयुक्त राष्ट्र ने 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया है। श्री मोदी ने कहा–ये भारत के लिए गौरव की बात है कि डब्ल्यूएचओ ग्लोबल सेंटर फॉर ट्रेडिशनल मेडिसिन भारत के जामनगर में स्थापित हुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा–

आईएएस मीट मुख्यमंत्री

हमारे प्रशासनिक अधिकारी हर चुनौती का सामना करते हुए देश को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। अनुभव से भरे हमारे वरिष्ठ अधिकारी और ऊर्जा से भरे हमारे युवा साथी विकसित और आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के आधार हैं। यह बातें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश आई.ए.एस. एसोसिएशन सर्विस मीट–2025 के शुभारंभ अवसर पर कहीं। भोपाल की प्रशासन अकादमी में आज से प्रारंभ हुई सर्विस मीट 21 दिसंबर तक चलेगी। मुख्यमंत्री ने अफसरों को सलाह देते हुए कहा कि अफसरों को सेवा कर पाने का अवसर, सौभाग्य से मिलता है। श्री यादव ने कहा कि अफसर आम आदमी के कष्टों का समाधान करें, उनकी समस्याओं की सुनवाई करें और सार्थक समाधान देने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। मुख्यमंत्री ने कहा–

एसआईआर

भोपाल में मतदाता सूची के शुद्धीकरण के लिए चल रही विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के अंतर्गत गणना पत्रक जमा करने और उनके डिजिटाइजेशन का कार्य का समापन हो गया है। अब मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 23 दिसंबर को किया जाएगा। जिले में मृत, एबसेंट, स्थानांतरित और डबल 4 लाख 38 हजार 876 मतदाताओं के नाम हटेंगे। इसमें 35 हजार से अधिक लोग ऐसे हैं, जो मृत थे और उनके नाम मतदाता सूची में जुड़े हुए थे, इन्हें हटाया गया है। जिले में करीब डेढ़ महीने से डिजिटाइजेशन का काम जारी था, जिसमें जिले में कुल मतदाताओं यानी 21 लाख 25 हजार 908 मतदाताओं में से 79 फीसदी मतदाताओं के फॉर्म डिजिटाइजेशन किया गया।

प्रेसवार्ता–प्रह्लाद पटेल

पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने आज मिंटो हॉल में आयोजित प्रेस वार्ता में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में सरकार के दो वर्षों की ऐतिहासिक उपलब्धियाँ साझा कीं। उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश 'प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण)' और 'पीएम–जनमन' योजना के क्रियान्वयन में पूरे देश में प्रथम स्थान पर है। साथ ही, मनरेगा के तहत अनुसूचित जनजाति परिवारों को रोजगार देने में भी प्रदेश ने राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। मंत्री पटेल ने जानकारी दी कि संसद द्वारा पारित 'विकसित भारत–रोजगार और आजीविका मिशन विधेयक, 2025' ग्रामीण विकास और आय सुरक्षा को नई मजबूती प्रदान करेगा। महिला सशक्तिकरण का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि 'लखपति दीदी' अभियान के तहत पिछले दो वर्षों में 11.27 लाख से अधिक परिवारों की मासिक आय 10,000 रुपये से अधिक हुई है।

भोपाल मेट्रो हरी झंडी

प्रदेश की राजधानी भोपाल में कल से बहुप्रतिक्षित मेट्रो रेल दौड़ने लगेगी। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भोपाल मेट्रो के 'ऑरेंज लाइन' प्रायोरिटी कॉरिडोर का औपचारिक उद्घाटन करेंगे। आम जनता के लिए मेट्रो सेवा 21 दिसंबर सुबह 9 बजे से शुरू होगी। शुरुआती चरण में मेट्रो एम्स से सुभाष नगर के बीच 7.4 किमी के रूट पर चलेगी। न्यूनतम किराया 20 रुपये से 40 रुपये और मेट्रो प्रतिदिन सुबह 9:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक संचालित होने की खबरें हैं।

संसद स्थगित

संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही आज अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी गई है। इसके साथ ही 19 दिन का शीतकालीन सत्र आज समाप्त हो गया। पहले लोकसभा को अनिश्चित काल के लिए स्थगित किया गया और उसके बाद राज्यसभा को स्थगित किया गया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने समापन भाषण में कहा कि सदन की कार्यवाही लगभग एक सौ ग्यारह प्रतिशत रही। उन्होंने कहा कि सदन की कुल 15 बैठक हुईं। उन्होंने सदन को सुचारू रूप से चलाने में सहयोग के लिए सभी सदस्यों को धन्यवाद भी दिया।

मौसम

प्रदेश में शीतलहर का दौर जारी है। शिवपुरी 4 डिग्री सेल्सियस के साथ प्रदेश का सबसे ठंडा स्थान रहा। इंदौर में 'तीव्र शीतलहर' ने जनजीवन प्रभावित किया है, जहाँ न्यूनतम तापमान 4.1 डिग्री दर्ज किया गया। राजगढ़, मंदसौर और पचमढ़ी में भी पारा 5 से 6 डिग्री के बीच रहा। ग्वालियर, जबलपुर और रीवा घने कोहरे की चादर में लिपटे रहे, जिससे दृश्यता काफी कम रही। मौसम विभाग ने कल के लिए ग्वालियर, भिंड, रीवा, जबलपुर और मैहर सहित 15 जिलों में घने कोहरे का अलर्ट जारी किया है। साथ ही इंदौर और शाजापुर में शीतलहर का प्रकोप बने रहने की संभावना है।

समाचार संक्षेप में....

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से बैतूल विधायक तथा भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के नेतृत्व में बैतूल जिले के विधायक गण ने भेंट कर बैतूल को मेडिकल कॉलेज तथा अन्य सौगातें देने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आभार माना।
- डिंडोरी कलेक्टर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में दिसंबर माह में पूर्णता हेतु लक्षित 99 नल-जल योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की गई।
- अशोकनगर जिले में अमानd खाद्य सामग्री बिक्री करने पर न्याय निर्णायक अधिकारी द्वारा खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम के अंतर्गत 06 विभिन्न प्रकरणों में संबंधित खाद्य कारोबारकर्ताओं के ऊपर 2, लाख 60 हजार रूपये का अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया है।
- नर्मदापुरम में पेंशनर्स-डे के उपलक्ष्य में भारत पेंशनर समाज, कर्मचारी-अधिकारी पेंशनर्स महासंघ और आयुष विभाग के सहयोग से शासकीय आयुर्वेद चिकित्सालय द्वारा निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया
- रेलवे यात्रियों की सुविधा के लिए इटारसी होकर कानपुर सेंट्रल–लोकमान्य तिलक टर्मिनस के बीच 02–02 ट्रिप स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जा रहा है।

----------------------------------------